सौभाग्य · saubhagya.net · आसान गाइड

डेटा फ़ाइल (.sbd) — ऑर्डर से सॉफ़्टवेयर में लगाने तक

सॉफ़्टवेयर पहले से है? बस अपनी ग्राम पंचायत / पंचायत समिति / ज़िले की असली डेटा फ़ाइल लीजिए और सॉफ़्टवेयर में लगाइए

शुरू करने के लिए:

मोबाइल के Chrome में

👉 **saubhagya.net**

खोलिए और यह बटन दबाइए: **डेटा — सॉफ़्टवेयर के लिए**

पहले "सॉफ़्टवेयर (EXE)" गाइड के अनुसार सॉफ़्टवेयर उतार कर एक बार खोल लें — तभी "सौभाग्य डेटा" फ़ोल्डर बनेगा।

1. डेटा ऑर्डर करना

1. **डेटा — सॉफ़्टवेयर के लिए** दबाइए — ऑर्डर पेज खुलेगा।
2. 🌾 **पंचायत चुनाव** रहने दीजिए → **ज़िला** चुनिए।
3. **कितना डेटा: एक ग्राम पंचायत / एक पंचायत समिति — पूरी / पूरा ज़िला** — चुनिए; फिर पंचायत समिति / ग्राम पंचायत।
4. **कौन-कौन से पद:** चारों पद (पंच · सरपंच · पं.स. · ज़ि.प.) / पंच + सरपंच (कॉम्बो) / सिर्फ़ पंच / सिर्फ़ सरपंच / सिर्फ़ पं.स. / सिर्फ़ ज़ि.प. — हर विकल्प के आगे रेट (पैसे प्रति मतदाता) लिखा है; राशि अपने-आप दिखेगी।
5. **आपका कंप्यूटर — कौन-सा Windows?** चुनिए (10/11 या 7/8)।
6. **आपकी जानकारी** में WhatsApp नंबर (ज़रूरी), नाम / GST (वैकल्पिक) → **पुष्टि** → **ऑर्डर करें** ।
7. **ऑर्डर करें** दबाते ही स्क्रीन पर आपका **ऑर्डर नंबर** (जैसे VS2345) आएगा और आपके फ़ोन का **WhatsApp अपने-आप खुलेगा** जिसमें हमारे नंबर के लिए संदेश पहले से लिखा होगा — बस **Send (➤)** दबा दीजिए। (WhatsApp न खुले तो पेज पर हरा बटन **🟢 WhatsApp पर भेजिए →** दबाइए।) इसी से आपका ऑर्डर आपके WhatsApp से जुड़ता है — QR, फ़ाइलें और हर सूचना वहीं आएगी।

8. WhatsApp से वापस पेज पर आइए। वहाँ लिखा होगा **ऑर्डर: VS...** और **पासवर्ड: .....** — 📋 **दोनों कॉपी करें** दबाकर इन्हें **कहीं सँभालकर रख लीजिए** (कागज़ पर लिखें या अपने ही नंबर पर WhatsApp कर लें)। इन्हीं दोनों से बाद में अपना ऑर्डर पेज दोबारा खुलता है; किसी और को न बताइए।

2. भुगतान

1. ऑर्डर जुड़ते ही 1–2 मिनट में WhatsApp पर **ऑर्डर की पुष्टि** (मतदाता, राशि, लगभग समय) और फिर **"भुगतान करें"** बटन वाला संदेश आता है। बटन दबाइए → PhonePe का भुगतान पेज खुलेगा।
2. वहाँ **UPI ऐप** (PhonePe / Google Pay / Paytm), **QR**, **कार्ड** या **नेट-बैंकिंग** — जो हो चुनिए और पैसा दे दीजिए। भुगतान होते ही WhatsApp पर **"भुगतान मिल गया"** आता है।
3. **WhatsApp न आया हो तो:** ऑर्डर पेज (ऑर्डर नंबर + पासवर्ड से) पर ही **QR** और **भुगतान करें** बटन है — वहीं से पैसा दे दीजिए।
4. पैसा देने के 10 मिनट बाद भी "भुगतान मिल गया" न आए तो हमें WhatsApp पर **ऑर्डर नंबर + भुगतान का स्क्रीनशॉट** भेजिए।

3. डेटा फ़ाइल उतारना (डाउनलोड)

1. भुगतान के बाद कुछ मिनट में WhatsApp पर **"डेटा तैयार"** का संदेश आएगा (साथ में सॉफ़्टवेयर लगाने की SOP PDF)। डेटा फ़ाइल WhatsApp में सीधे नहीं आती — वह ऑर्डर पेज से उतरती है।
2. संदेश में **फ़ाइलें डाउनलोड** बटन दबाइए → आपका ऑर्डर पेज खुलेगा (या ऑर्डर नंबर + पासवर्ड से खोलिए)।
3. **"⬇ आपकी फ़ाइलें"** में **डेटा फ़ाइल (.sbd)** पर दबाकर उतारिए।
4. उसी के पास लिखा 🔑 **कोड** (16 अक्षर) कागज़ पर लिख लीजिए — यह आपकी चाबी है; सुरक्षा के लिए WhatsApp पर नहीं भेजी जाती। (यह ऑर्डर के पासवर्ड से अलग है।)
5. सॉफ़्टवेयर न हो तो उसी पेज के नीचे **"सॉफ़्टवेयर अभी उतार लीजिए"** से EXE भी उतार लीजिए।

फ़ोन पर उतारा हो तो .sbd फ़ाइल को pendrive, USB केबल या अपने ही WhatsApp से कंप्यूटर पर ले जाइए।

4. सॉफ़्टवेयर में लगाना

1. .sbd फ़ाइल को सॉफ़्टवेयर (EXE) के बगल वाले **"सौभाग्य डेटा"** फ़ोल्डर में **copy** कर दीजिए। नाम मत बदलिए।

2. सॉफ़्टवेयर बंद करके **फिर खोलिए** — ऊपर एक छोटी खिड़की **कोड** माँगेगी।

3. पेज से लिखा हुआ 🔑 **कोड** ठीक वैसा ही (बड़े अक्षर, बिना स्पेस) भरकर OK दबाइए। कोड **एक ही बार** माँगा जाता है, फिर याद रहता है।

4. अब आपके क्षेत्र के **सभी मतदाता** सॉफ़्टवेयर में आ गए — ज़िला → पंचायत समिति → ग्राम पंचायत → वार्ड चुनकर पर्चियाँ बनाइए; PDF "सौभाग्य PDF" फ़ोल्डर में मिलेंगी।

✔ आयोग की नई मतदाता सूची आने पर आपके डेटा का **अपडेट मुफ़्त** WhatsApp / पेज पर आता है — नई .sbd को पुरानी की जगह उसी फ़ोल्डर में रख दीजिए; कोड वही रहता है।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

पैसा दे दिया, पर "भुगतान मिल गया" नहीं आया?

5–10 मिनट रुकिए; फिर ऑर्डर नंबर और भुगतान का स्क्रीनशॉट हमें WhatsApp कीजिए।

ऑर्डर नंबर / पासवर्ड भूल गए?

हमारे भेजे किसी भी WhatsApp संदेश का बटन ("भुगतान करें" / "फ़ाइलें डाउनलोड") दबाइए — ऑर्डर पेज पासवर्ड समेत सीधा खुलता है। वेबसाइट पर "ऑर्डर नंबर / पासवर्ड भूल गए?" से भी उसी नंबर पर लिंक आ जाता है।

फ़ाइल WhatsApp पर नहीं आई / गुम हो गई?

ऑर्डर पेज खोलकर "⬇ आपकी फ़ाइलें" से उतार लीजिए, या हमें ऑर्डर नंबर लिखिए — दोबारा भेज देंगे।

QR / भुगतान लिंक का समय निकल गया?

वही ऑर्डर पेज फिर खोलिए — नया QR आ जाएगा; ऑर्डर दोबारा करने की ज़रूरत नहीं।

सॉफ़्टवेयर में फ़ाइल नहीं दिख रही?

.sbd "सौभाग्य डेटा" फ़ोल्डर में नहीं है, या सॉफ़्टवेयर किसी और जगह से खुला है — फ़ोल्डर EXE के ठीक बगल में होना चाहिए।

"कोड गलत" बता रहा है?

कोड ऑर्डर पेज वाला 🔑 कोड ही लें (पेज का पासवर्ड या Guest@123 नहीं)। कई ऑर्डर हों तो हर .sbd का अपना कोड है। बड़े-छोटे अक्षर और 0/O, 1/I ध्यान से।

कोड खो गया?

ऑर्डर पेज फिर खोलिए — 🔑 कोड वहाँ हमेशा दिखता है।

मदद चाहिए? कॉल या WhatsApp कीजिए

99833 33119

ऑर्डर नंबर (VS....) ज़रूर लिखिए